# रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर

क्रमांक/परीक्षा/2025/2225 जबलपुर दिनांक 24–03–2025

अधिसूचना

अधिसूचित किया जाता है कि स्वाध्यायी परीक्षार्थियों के स्नातकोत्तर (एम.ए. हिन्दी/ अंग्रेजी/भूगोल /संस्कृत/ राजनीतिशास्त्र/ इतिहास/ दर्शनशास्त्र/ अर्थशास्त्र/ समाजशास्त्र/ मनोविज्ञान/ एम.काम./ (एम.एससी. केवल (गणित) पूर्वार्द्ध एवं उत्तरार्द्ध मई–जून 2025 की परीक्षाओं हेतु परीक्षा आवेदन पत्र एम.पी. ऑनलाईन के माध्यम से भराये जाने की तिथि एवं शुल्क का विवरण निम्नानुसार घोषित किया जाता है । नामांकन कराने के पश्चात् ही परीक्षा आवेदन पत्र भरे जा सकेंगे ।

टीप– जबलपुर/कटनी/नरसिंहपुर/मंडला एवं डिण्डौरी जिले के परीक्षार्थी स्नातकोत्तर पूर्वार्द्ध तथा उत्तरार्द्ध के परीक्षार्थी ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र भर सकेंगे ।

तिथियां

| | |
|---|---|
| नामांकन शुल्क | 330/– |
| ईमीग्रेशन शुल्क (म.प्र. से बाहर के बोर्ड एवं विश्वविद्यालय के परीक्षार्थियों को देय होगा) | 330/– |

| | |
|---|---|
| आन लाईन आवेदन पत्र जमा करने की तिथि | 25.03.2025 से 15.04.2025 तक |
| विलंब शुल्क 100/– के साथ | 18.04.2025 तक |
| विलंब शुल्क 750/– के साथ | 22.04.2025 तक |

**परीक्षा प्रारंभ होने के सात दिवस पहले से एवं परीक्षा तिथि से एक दिवस पूर्व तक विशेष विलंब शुल्क 2000/– देय होगी ।**

| परीक्षा शुल्क का विवरण :– | नियमित छात्र | भूतपूर्व छात्र |
|---|---|---|
| एम.ए. पूर्वार्द्ध/उत्तरार्द्ध | 2540/– | 2540/– |
| एम.काम./एम.एससी. (गणित) पूर्वार्द्ध/उत्तरार्द्ध | 2690/– | 2690/– |

नोट – एम.ए. इतिहास/एम.काम. के विद्यार्थी पूर्वार्द्ध में जो विषय का चयन किया है उत्तरार्द्ध में उस विषय का चयन नही करेंगे । गलत विषय का चयन करने पर सम्पूर्ण उत्तरदायित्व स्वयं छात्र/छात्राओं की होगी ।

टिप्पणी– 1. स्नातकोत्तर छात्र जो इस विश्वविद्यालय के पूर्व से स्नातक परीक्षा में नामांकित/पंजीकृत है वे भी अपना नामांकन एम.पी. ऑनलाईन के कियॉस्क में जाकर करावे, तत्पश्चात् ही वे अपना परीक्षा आवेदन पत्र भर सकेंगे । ऐसे छात्रों को पंजीयन/नामांकन शुल्क देय होगा, सिर्फ पोर्टल चार्ज 45/ रू. देय होगा ।

2. जिन विद्यार्थियों ने स्नातक की परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण की है । ऐसे परीक्षार्थी स्नातकोत्तर के परीक्षा आवेदन पत्र न भरे यदि किसी विद्यार्थी द्वारा परीक्षा आवेदन पत्र भरा जाता है तो उसकी जवाबदारी संबंधित विद्यार्थी की होगी तथा परीक्षा शुल्क वापिस नहीं किया जावेगा ।

3. जिन छात्रों ने बी.बी.ए./बी.सी.ए. की परीक्षा उत्तीर्ण की है ऐसे छात्रों का एम.काम. की परीक्षा में पात्रता नहीं है ।

नोट – स्वाध्यायी विद्यार्थी परीक्षा आवेदन पत्र की हार्ड कापी विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित अग्रोण/परीक्षा केन्द्र में निर्धारित तिथिनुसार अनिवार्य रूप से जमा करेंगे । निर्धारित तिथि के पश्चात् हार्ड कापी जमा करने पर रूपये 100/– विलंब शुल्क देय होगा ।

(1) इस प्रक्रिया के अंतर्गत छात्र एम.पी. ऑनलाईन के पोर्टल पर सर्वप्रथम सेवाये आप्शन पर जाकर फिर प्रायवेट एनरोलमेंट (नामांकन लिंक) पर जाकर एनरोल्ड करेगा, जिससे एप्लीकेशन नंबर जनरेट होगा । छात्र नामांकन फार्म भरते समय पहले जिले, केन्द्र व कोर्स का चयन करेगा । छात्र कोर्स एवं केन्द्र का चयन करते समय सावधानी बरते ।

(2) छात्र एप्लीकेशन नंबर से प्रायवेट एक्जाम लिंक पर जाकर परीक्षा फार्म भरेगा महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय द्वारा शुल्क जमा करेगा । नामांकन व परीक्षा आवेदन पत्र की हार्ड कापी छात्र द्वारा संबंधित महाविद्यालय पर जमा की जायेगी ।

(3) तत्पश्चात् महाविद्यालय द्वारा छात्रों के पंजीयन आवेदन पत्र का परीक्षण एवं एप्रूवल Approvel करेगा जिसके पश्चात् Admit card एवं Second Signature Sheet जनरेट होगी । ऑनलाईन आवेदन की हार्ड कापी अंकसूची के साथ विश्वविद्यालय में दिनांक 24/04/2025 तक विश्वविद्यालय में जमा करें । परीक्षा आवेदन की हार्ड कापी के साथ निम्नलिखित दस्तावेज संलग्न करना अनिवार्य है :-

2. जन्मतिथि प्रमाण पत्र  2. अंकसूची  3. माईग्रेशन  4. गैप सर्टिफिकेट

(4) महाविद्यालय स्वाध्यायी छात्र/छात्राओं से नामांकन एवं परीक्षा आवेदन पत्र की हार्ड कापी प्राप्त करते समय छात्र/छात्राओं से परीक्षा संचालन शुल्क 200/- रूपये एवं अग्रेषण शुल्क 50/- रूपये कुल 250/- रूपये महाविद्यालय स्तर पर दिनांक 08 अप्रेल, 2025 तक जमा करवायेगा । तथा परीक्षा संचालन शुल्क 200/- रू. निर्धारित परीक्षा केन्द्र में जमा करायेंगें ।

कुलगुरू के आदेशानुसार,

उप कुलसचिव (परीक्षा)
रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय,जबलपुर

पृ.क./परीक्षा/2025/2225 "अ"  जबलपुर दिनांक 24-03-2025

<u>प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रस्तुत :-</u>

1. प्राचार्य समस्त संबंद्ध स्वाध्यायी परीक्षा संचालन हेतु अधिकृत महाविद्यालय की ओर भेजकर निवेदन है कि विश्वविद्यालय द्वारा प्रदाय समस्त सूचनाए छात्रों के सूचनार्थ महाविद्यालय के सूचना पटल पर आवश्यक रूप से चस्पा करें ।
2. नोडल अधिकारी एम.पी. ऑनलाईन, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय की ओर भेजकर निवेदन है कि उक्त अधिसूचना की एम.पी. ऑनलाईन को अग्रेषित करें एवं परीक्ष फार्म भरवाने की तैयारी करें ।
3. विश्वविद्यालय की वेबसाइड ।
4. नगर के समस्त समाचार पत्रों के सम्माननीय संपादकों एवं केबिल नेटवर्क के प्रबंधकों को इस अनुरोध के साथ कि कृपया छात्रहित में इस अधिसूचना को अपने लोकप्रिय समाचार पत्र/प्रसार के आगामी अंक में समाचार के रूप में प्रकाशित करने की कृपा करें ।
5. माननीय कुलगुरू जी/कुलसचिव जी के निज सहायक, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर ।

सहायक कुलसचिव (परीक्षा)
रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय,जबलपुर